आज दिनांक 12/10/17 फीडबैक समिति की बैठक कक्ष क्रमांक स्टॉफ रूम में आयोजित की गई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1.डॉ. चंद्रिका साहू (प्रभारी)

2. डॉ. सरला द्विवेदी (सदस्य)

3. डॉ. सपना ताम्रकर (सदस्य)

कार्यवाही विवरण

1 .फीडबैक प्रारूप निर्धारण-

सत्र 2017-18 हेतु छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से फीडबैक प्रश्नावली भरवाकर फीडबैक लेने की सहमति ली गई। विद्यार्थियो के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम संबंधी फीडबैक प्रश्नावली तैयार करने की जिम्मेदारी फीडबैक समिति को दी गई।

2. फीडबैक समय सारिणी-

फीडबैक की समय सारिणी निर्धारण करने हेतु निर्णय लिया गया कि सत्र के मध्य में माह दिसम्बर-जनवरी में तीनो हितधारकों से फीडबैक प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

3. फीडबैक विश्लेषण -

उपरोक्त तीनों हितधारकों से प्राप्त फीडबैक का विश्लेषण फीडबैक समिति द्वारा किया जायेगा।

4. कार्यवाही निष्पादन-

फीडबैक विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर फीडबैक समिति एवं प्राचार्य द्वारा दिए गए सुझाव एवं अनुशंसा के अनुसार कार्यवाही किये जाने की सहमति दी गई।

PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

कार्यवाही निष्पादन रिपोर्ट

(2017-2018)

फीडबैक विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर चौबे एवं द्वारा निम्नलिखित सुझाव दिये गये :-

1. फीडबैक के विश्लेषण के आधार पर प्राध्यापकों को निर्देशित किया गया कि शिक्षण अभिगम की प्रक्रिया को महत्व देतें हुए गुणवत्ता पूर्ण बनाया जाए।
2. महाविद्यालय के अधोसरचंना की कमियों को दूर करने एवं मूलभूत सुविधाओं में वृध्दि करने की आवश्यकता पर बल दिया गया ।
3. शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच शिक्षण अधिगम को अधिक रूचिकर बनाने के लिए भावनात्मक रूप से जुड़ने का सुझाव दिया गया।
4. महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की अध्ययन एवं अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए सतत् संपर्क बनाये रखने का सुझाव दिया ।
5. पाठ्यक्रम के अलावा समसामयिक विषयों की जानकारी विद्यार्थियों को देने का सुझाव दिया।

PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)